## संपादकीय

# नए भारत की ताकत

अमेरिका के टैक्सस राज्य के ह्यूस्टन शहर में हुए हाउडी मोदी कार्यक्रम ने जहां भारत-अमेरिका संबंध को नई मजबूती दी। वहीं दुनिया को ग्लोबल पैमाने पर भारत की बढ़ती हैसियत का अहसास भी कराया। रविवार को आयोजित इस मेगा इवेंट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पहली बार कोई सार्वजनिक मंच साझा करते हुए भारतीय मूल के 50 हजार से अधिक अमेरिकी नागरिकों को संबोधित किया। कहा जा रहा है कि हाउडी मोदी अमेरिका के इतिहास में पोप फ्रांसिस के बाद किसी विदेशी नेता का सबसे बड़ा कार्यक्रम था। संभवतः पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी धरती पर किसी अन्य देश के शासनाध्यक्ष के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की जरूरत महसूस की।

यह इस बात का संकेत है कि अमेरिका आज की तारीख में भारत को कितनी अहमियत देता है। ट्रंप और मोदी की आपसी केमिस्ट्री से साफ दिख रहा था कि भारत और अमेरिका के रिश्ते अब बराबरी के स्तर पर हैं। ट्रंप ने कहा भी कि मैं अमेरिका के सबसे महान, सबसे समर्पित और सबसे वफादार दोस्तों में से एक भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ होने पर बहुत रोमांचित हूं। निश्चय ही भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जो और बातों के अलावा यह भी बताता है कि भारत के बाहर भारतवंशी एक बड़ी ताकत के रूप में उभर रहे हैं और उनका समर्थन-सहयोग दुनिया की ताकतवर सत्ताओं के लिए अहम होता जा रहा है। यह आयोजन ऐसे वक्त हुआ जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में खासकर आर्थिक मुददों को लेकर एक ठंडापन दिखने लगा था।

भारत ने जून में 28 अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ दरें बढ़ाई थीं और इससे पहले अमेरिका ने भारत को दिए गए व्यापार संबंधी विशेषाधिकारों को वापस ले लिया था। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब ये मसले सुलझा लिए जाएंगे। अभी जब भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती दिखाई दे रही है, अमेरिका का सहयोग हमें काफी राहत दे सकता है। लेकिन इससे भी बड़ा मसला कूटनीतिक है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का 74 वां वार्षिक सत्र आज से शुरू होने जा रहा है और इसमें कश्मीर का मसला उठने की पूरी संभावना है।

पाकिस्तान इस मुद्दे पर भारत की घेरेबंदी की कोशिश कर सकता है। ट्रंप ने हाउडी मोदी के दौरान आतंकवाद को लेकर जो वक्त व्य दिए, उससे यह तो तय हो गया है कि कश्मीर मुद्दे पर भारत को अमेरिका का पूरा साथ मिलेगा और उसका यह रुख देखकर उसके कई मित्र देश भी अपना स्टैंड तय करेंगे। सचाई यह है कि आज अमेरिका को भी भारत की जरूरत है। भारतीय मूल के वोटर ट्रंप के लिए काफी महत्व रखते हैं, जबकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखने के लिए भी उन्हें भारत का सहयोग चाहिए। देखें, दोनों देशों की यह दोस्ती किस रूप में आगे बढ़ती है।

# स्पाइसजेट शुरू करेगी 46 नई घरेलू उड़ानें




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्राइवेट सेक्टर की घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट 46 नई घरेलू उड़ानें शुरू करने जा रही है। कंपनी इन उड़ानों की शुरुआत 27 अक्टूबर से शुरू करेगी। कंपनी ने अपनी उड़ान योजना के तहत चेन्नई-दुर्गापुर रूट पर अपनी सर्विस शुरू की है। इसके अलावा, मुंबई-राजकोट, चेन्नई-दुर्गापुर समेत अन्य सभी रूट पर फ्लाइट सर्विस 27 अक्टूबर से ही शुरू की जाएंगी। इनके साथ ही एयरलाइन ने पुणे-जोधपुर के बीच भी नॉन स्टॉप सर्विस शुरू की है।

स्पाइसजेट के मुताबिक, स्पाइसजेट ने जिन रूट्स पर अपनी सर्विस शुरू करने का ऐलान किया है उनमें मुंबई-जोधपुर, बेंगलुरू-गुवहाटी, चेन्नई-विशाखापट्टणम, चेन्नई-जयपुर, विजयवाड़ा-विशाखापट्टणम और हैदराबाद-औरंगाबाद शामिल हैं. एयरलाइन चेन्नई-पटना, अहमदाबाद-जोधपुर और सूरत-उदयपुर के बीच भी नई सर्विस शुरू करने जा रही है।

नई सर्विस के साथ स्पाइसजेट हैदराबाद-वाराणसी, बेंगलुरु-शिरडी, चेन्नई-अहमदाबाद, चेन्नई-गुवहाटी, हैदराबाद-बेंगलुरु, दिल्ली-अहमदाबाद, कोलकाता-चेन्नई और चेन्नई-बेंगलुरु के बीच चल रही सर्विस को और ज्यादा बढ़ाने का ऐलान किया है। ये सभी सर्विस हफ्ते में छह दिन जारी रहेंगी।

जानकारी के मुताबिक, अगल-अलग रूट के लिए ऑफडे भी अलग-अलग रखा गया है। जैसे पुणे-जोधपुर की उड़ान शनिवार को छोड़कर सप्ताह के सभी दिन जारी रहेगी। इसी तरह दिल्ली-अहमदाबाद के बीच सर्विस रविवार को छोड़कर बाकी दिन चलती रहेगी।


बता दें कि स्पाइसजेट ने अपने बेडे में 100 नए विमान शामिल करने की योजना बनाई है। इसके लिए कंपनी करीब 71 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। बोइंग के 737 मैक्स विमानों के ऑपरेशन पर रोक के कारण बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन विमानों पर रोक की वजह से जो नुकसान हुआ उसके हर्जाने के लिए बोइंग से बात चल रही है। स्पाइसजेट के पास ऐसे 12 मैक्स विमान हैं।

# बुल्गारिया की क्रिस्टालिना जियॉर्जियेवा बनीं आईएमएफ की नयी प्रमुख



**वाशिंगटन।** बुल्गारिया की अर्थशास्त्री क्रिस्टालिना जियॉर्जियेवा को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का नया प्रमुख चुना गया है। यह पहला मौका है जब किसी उभरती अर्थव्यवस्था से आईएमएफ के प्रमुख का चयन हुआ है। जियॉर्जियेवा (66) क्रिस्टीन लगार्ड का स्थान लेंगी। उन्हें पांच साल के लिये नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल एक अक्टूबर से शुरू होगा। वह इससे पहले जनवरी 2017 से विश्व बैंक की मुख्य कार्यकारी अधिकारी थीं। वह इस साल एक फरवरी से आठ अप्रैल तक विश्व बैंक समूह की भी अंतरिम अध्यक्ष रहीं। जियॉर्जियेवा ने एक बयान में कहा, ''ऐसे समय में जब वैश्विक आर्थिक वृद्धि निराशाजनक है, व्यापार तनाव चरम पर हैं और कर्ज ऐतिहासिक तौर पर उच्च स्तर पर है, आईएमएफ की अगुवाई के लिये चुना जाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा कि वह सबसे पहले देशों को संकट का जोखिम कम करने तथा प्रतिकूल परिस्थितिओं से जूझने के लिये तैयार होने में मदद करेंगी। उन्होंने आर्थिक विज्ञान में पीएचडी तथा राजनीतिक अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक शास्त्र में एमए किया है।

# रेलवे ने फोनपे को लगाया 10 हजार रुपए का जुर्माना




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति पोस्टर लगाने के लिए ई-वॉलिट कंपनी फोनपे पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है तथा उससे लिखित माफीनामा लिया गया है।

रेल मंत्रालय ने अवैध रूप से लगाये गये इस पोस्टर की तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुये बताया कि वाराणसी के प्लेटफॉर्म नंबर एक के नवनिर्मित स्टील पिलर पर यह पोस्टर लगाया गया था। उसने लिखा, बिना अनुमति लगाये गये इन पोस्टरों से स्टेशन का सौंदर्य प्रभावित हुआ। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कंपनी से 10 हजार रुपये जुर्माने सहित एक लिखित माफीनामा लिया गया।

फोनपे ने के प्रचार के लिए जो पोस्टर लगाये थे उनमें एक हजार रुपये का कैशबैक की बात कही गयी थी।

# एचडीएफसी बैंक ने लॉन्च किया नया कार्ड

### » हर साल फ्री मिलेगा 50 लीटर पेट्रोल-डीजल!



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** फ्री में मिलने वाली चीज किसको अच्छी नहीं लगती है. अगर ऐसा हो की आपको गाड़ी चलाने के लिए फ्री में पेट्रोल-डीजल मिले तो ये खुशी दोगुनी हो जाती है. क्योंकि इसके बाद लोग घूमने जाने की प्लानिंग करने लगते हैं. दरअसल मसला ये है कि एचडीएफसी बैंक ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ मिलकर एक नया क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है. इस कार्ड की कई खासियतें हैं. एचडीएफसी बैंक और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने नॉन-मेट्रो शहरों और कस्बों के यूजर्स के लिए ये कार्ड लॉन्च किया है. इस कार्ड का नाम 'इंडियन ऑयल एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड' रखा गया है. इस कार्ड के जरिए कस्टमर फ्यूल खरीद पर भारी बेनिफिट्स और रिवॉर्ड हासिल कर सकते हैं.

यह कार्ड रूपे और वीजा दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगा. इस क्रेडिट कार्ड की सालाना फीस 500 रुपये है. अगर कोई कार्ड से सालभर में 500 रुपये खर्च करता है तो सालाना फीस माफ हो जाएगी.

## आज का राशिफल

*मेषः-* काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलने की संभावना है। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।

*वृषभः-* आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आप स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी कर सकते हैं, जो फलदायी हो सकती है।

*मिथुनः-* आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है।

*कर्कः-* आज का दिन किसी बहन भाई की चिंता करते हुए व्यतीत होगा, क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं।

*सिंहः-* आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान कर सकती है क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है।

*कन्याः-* आपकी राशि का स्वामी बुध कन्या में आ चुका है, बुध के साथ सूर्य भी है। अतः- विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ सकती है, उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे।

*तुलाः-* आज आप बेकार में चिंतित और परेशान रहेंगे। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं।

*वृश्चिकः-* आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलने की संभावना है। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी।


*धनुः-* आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलने के आसार हैं। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें।

*मकरः-* आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा।

*कुंभः-* उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है।

*मीनः-* आपकी राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भण्डार है। अतः उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा। अध्ययन व आध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे।

# पीएमसी बैंक ग्राहक रोज निकाल सकेंगे 10 हजार



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी) के ग्राहकों को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बड़ी राहत दी है। आरबीआई ने ग्राहकों के लिए निकासी की सीमा बढ़ा दी है। अब ग्राहक 10,000 रुपए निकाल सकेंगे। पहले यह राशि 1 हजार रुपये थी, जिसे विरोध प्रदर्शन के बाद बढ़ाया गया है।

बता दें कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने बीते मंगलवार को मुंबई स्थित पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर किसी भी प्रकार के व्यापारिक लेन-देन पर रोक लगा दी थी, जिससे बैंक के निवेशकों और शहर में व्यापारी वर्ग को बड़ा झटका लगा था। रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक योगेश दयाल ने बताया था कि आरबीआई के निर्देशों के अनुसार, पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक के जमाकर्ता बैंक में अपने सेविंग, करंट या अन्य किसी भी तरह के खाते में से 1,000 रुपये से ज्यादा रुपये नहीं निकाल सकते हैं।

# मोदी के बाद दूसरे सबसे लोकप्रिय भारतीय बने महेंद्र सिंह धोनी



**नईदिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिह धोनी ने कप्तान विराट कोहली और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को मात देकर भारत में सबसे लोकप्रिय लोगों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। यूगोव की ओर से कराए सर्वे के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे चहेते भारतीयों में शीर्ष स्थान पर हैं और उनके बाद दो बार के विश्व विजेता कप्तान धोनी हैं।

सर्वे में 41 देशों के करीब 42000 लोगों को शामिल किया गया, जिसमें देश और दुनिया के सबसे लोकप्रिय (चर्चित) पुरुष और महिलाओं का अलग-अलग चयन किया गया। एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी देश के सबसे चर्चित पुरुष हैं तो वहीं छह बार की विश्व चैंपियन दिग्गज महिला मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम देश की सबसे प्रशंसनीय महिला मानी गई हैं। सर्वे के अनुसार, पीएम मोदी की रेटिंग 15.66 फीसद है जबकि धोनी की रेटिंग 8.58 फीसदी है। इस मामले में रतन टाटा (8.02 फीसदी), बराक ओबामा (7.36 फीसदी) और बिल गेट्स (6.96 फीसदी) क्रमश : तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। सचिन 5.81 फीसदी रेटिंग के साथ छठे और कप्तान कोहली 4.46 फीसदी रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। महिलाओं में मैरीकॉम 10.36 फीसदी की रेटिंग के साथ विश्व में 25वें नंबर पर हैं।

# ओला-रेलिगेयर ने शुरू की स्वास्थ्य बीमा योजना

**नईदिल्ली (आरएनएस)। दुनिया की अग्रणी राइड हेलिंग कंपनी ओला ने रेलिगेयर हेल्थ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी करके एक स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है।**

इस योजना का नाम ओला मनी-रेलिगेयर हास्पिकैश दिया गया है। इसके धारकों को बीमारी की अवस्था में अस्पताल में दाखिल होने पर प्रतिदिन पांच हजार रुपये का दावा हासिल करने की सहूलियत होगी। यह पालिसी सभी पंजीकृत ओला उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध होगी और इसे ओला ऐप के जरिए हासिल किया जा सकता है। मात्र तीन रुपये प्रतिदिन के प्रीमियम वाली यह पॉलिसी व्यक्तिगत और पारिवारिक योजनाओं के रूप में उपलब्ध है। इसे मासिक या एक वर्ष के लिए नवीनीकरण शर्त के साथ लिया जा सकता है। ओला मनी-रेलिगेयर हेल्थ कवर का उपयोग पूरे देश के किसी भी अस्पताल में किये गये खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए किया जा सकता है।

इसे लॉंच करने के मौके पर ओला मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन गुप्ता ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के भारी भरकम खर्च अपनी बचत से पूरा करने के लिए मजबूर होते हैं, ऐसी स्थिति में यह पालिसी उनके लिए एक बेहतर समाधान साबित होगी।




रेलिगेयर हेल्थ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक अनुज गुलाटी ने कहा कि उपभोक्ताओं की बेहतरी और मदद करने की उनकी कंपनी की सोच के अनुरूप है। इसे काफी विचार-विमर्श के बाद लागू किया जा रहा है। ओला के साथ साझेदारी करके वह बहुत खुश हैं।

## पालक इडली बनाने की विधि...



### सामग्री-

1/2 किलो इडली का बना पेस्ट, 2 -3 गुच्छे बारीक कटे हुए पालक, तेल केवल ग्रीस करने के लिये।


### विधि -

सबसे पहले आप पालक को अच्छी तरह से धो कर बारीक काटें फिर इसे 3 मिनट के लिये गरम पानी में ड़ाल कर ढक दें। कुछ मिनट के बाद गर्म पानी से निकालकर ठड़ा करने के लिये रखें और मिक?सी में पीस कर बनाए गए इस गाढ़े पेस्ट को इडली के बने घोल में मिला दे। दोनो पेस्ट को अच्छी तरह से मिलाते हुये एक कर दें। अब आपका पालक से बना इडली का घोल तैयार है। अब इस पेस्ट को इडली के साचे में डालें।सांचे पर डालने से पहले उसमें तेल लगाएं जिससे कि बनने के बाद आसानी के साथ बाहर निकाल सकें।पूरे साचें में पेस्ट को भरने के बाद इसे इडली के पॉट में डालकर 15-17 मिनट तक भाप में पकाएं। गैस की आंच को पहले 5 मिनट के लिये पूरी तेज कर दें थोड़ी देर बाद गैस की आंच कम कर दें। करीब 7 मिनट बाद ढक्कन को खोलकर एक पतली लकड़ी की सहायता से देखे की इडली पक चुकी है या नहीं जब यह पक जाये तो इसे निकालकर प्लेट पर रख लें। अब इस तैयार इडली को सांभर और नारियल की चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 98

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।


**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उ... बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे... का एक फल 11. बेवकूफ... बादल, मेघ 13. बहुत होशियार 14. जिसका म... मिलता हो, 15. दांत, दंत... वस्तु आदि मिलने का प्रमा... दंगा-फसाद, उपद्रव वि... बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का



## सू-दोकू- 98



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र... सकते है।

### सू-दोकू क्र.97 क...

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 |